नेशनल गतका प्रतियोगिता में पलामू के खिलाड़ियों ने जीते 11 मेडल

चर्चा में क्यों?

4 अगस्त-6 अगस्त, 2023 तक असम के गुवाहाटी के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में नेशनल गतका प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें झारखंड के पलामू ज़िले के खिलाड़ियों ने कुल 11 पदक अपने नाम करते हुए ज़िले का नाम रोशन किया।

प्रमुख बिंदु

- इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में झारखंड से कुल 110 गतका खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इनमें सबसे कम पलामू से और सबसे अधिक धनबाद से खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- धनबाद से 72 तो पलामू से 13 खिलाड़ी झारखंड टीम का हिस्सा बने, वहीं बोकारो से 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया था।
- पलामू की अनामिका मेहता ने अंडर 11 आयु वर्ग में खेलते हुए सिंगल सोटी इवेंट्स में गोल्ड मेडल जीतकर स्वर्णिम शुरुआत की, जो टीम इवेंट में भी बरकरार रही। अनामिका ने झारखंड को कुल दो स्वर्ण पदक दिलाए।
- साथ ही, काजल कुमारी ने भी अंडर 17 में फैरी सोटी इवेंट खेलते हुए झारखंड के लिये गोल्ड मेडल जीता।
- इनके अलावा ऋतिक राज तिवारी ने अंडर 11 खेलते हुए फैरी सोटी में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। अग्रिया प्रियदर्शनी ने भी टीम फैरी सोटी में गोल्ड मेडल जीता।
- रिशु राज दांगी, शुभम सिंह और आर्यन पांडेय ने अंडर 11 में टीम फैरी सोटी में सिल्वर मेडल जीता, तो वहीं सात्विक पांडे ने अंडर 17 में सिंगल डेमो करते हुए ब्राउंज मेडल जीता। साथ ही, रोशन कुमार ने भी अंडर 25 में टीम में ब्राउंज मेडल जीता।
- पलामू गतका एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित बर्मन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के 29 राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।
- इनमें से बेहतर प्रदर्शन करने वाले पाँच खिलाड़ियों का चयन खेलो इंडिया और इंडियन ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा आयोजित 37वें नेशनल गेम के लिये किया जाएगा।
- विदित है कि गतका खेल देश के पारंपरिक खेलों में से एक है, फिलहाल यह नए नियम और स्वरूप के साथ देश में खेली जाने वाली विभिन्न खेल प्रतियोगिता का हिस्सा बन रहा है।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/palamu-players-won-11-medals-in-national-gatka-competition